## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–31.07.2025 (सुबह 08:30 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय दौरे पर आज आयेंगी झारखंड, पहले दिन देवघर एम्स के दीक्षांत समारोह में होंगी शामिल, रांची में करेंगी रात्रि विश्राम।**
2. **कल से शुरु हो रहे विधानसभा के मानसून सत्र के सुचारु संचालन को लेकर स्पीकर आज करेंगे सर्वदलीय बैठक, सत्ता पक्ष के विधायक भी बनायेंगे रणनीति।**
3. **नयी दिल्ली में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिला विश्व बैंक का प्रतिनिधिमंडल, झारखंड में विकास और निवेश की संभावनाओं पर चर्चा।**
4. **दुमका, देवघर और जामताड़ा में आज भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट।**
   **और**
5. **72वीं सीनियर नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता में उपविजेता रही झारखंड महिला टीम का रांची पहुंचने पर भव्य स्वागत।**

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज दो दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रही हैं। आज लगभग सवा 12 बजे वह देवघर एयरपोर्ट पहुंचेंगी। वहां से सड़क मार्ग द्वारा दिन के एक बजे एम्स पहुंचेंगी। तीन बजे से वह एम्स के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। लगभग साढ़े चार बजे राष्ट्रपति एम्स से देवघर एयरपोर्ट पहुंचेंगी, जहां से वह रांची के लिए प्रस्थान करेंगी। शाम लगभग साढ़े पांच बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उनका स्वागत करेंगे। एयरपोर्ट से वह हरमू बायपास होते हुए राजभवन पहुंचेंगी और शहर के गणमान्य लोगों से मुलाकात करेंगी। राष्ट्रपति रात्रि विश्राम राजभवन में ही करेंगी। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर रांची में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं और ट्रैफिक व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है। हमारी संवाददाता ने बताया कि कल शाम रांची एयरपोर्ट से राजभवन तक कारकेड रिहर्सल भी किया गया। इस इलाके को नो फ्लाइंग जोन घोषित कर दिया गया है।

*******************

अगले दिन यानी एक अगस्त को राष्ट्रपति धनबाद जायेंगी और आइआइटी आइएसएम के दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगी। राष्ट्रपति के धनबाद दौरे को लेकर सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गयी है। एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि राष्ट्रपति के आगमन को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

*******************

झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र कल से प्रारंभ हो रहा है। सत्र के सुचारु संचालन को लेकर विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने आज सर्वदलीय बैठक बुलायी है। इससे पहले कल उन्होंने राज्य के आला अधिकारियों के साथ बैठक की थी और आवश्यक दिशा निर्देश दिये थे।

इस बीच संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि सदन के भीतर जनसमस्याओं के समाधान की दिशा में पहल होनी चाहिए।

इधर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज सत्ता पक्ष के सभी विधायकों की बैठक बुलायी है। बैठक में सत्र के दौरान विपक्ष के सवालों का माकूल जवाब देने की रणनीति बनायी जायेगी। सत्र को लेकर भाजपा ने कल अपने विधायकों की बैठक बुलायी है।

*******************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कल नई दिल्ली स्थित झारखंड भवन में विश्व बैंक के भारत प्रमुख ऑगस्टे तानो कौमे ने मुलाकात की। उनके साथ एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी मौजूद था। मुलाकात के दौरान ऑगस्टे तानो कौमे ने झारखंड में चल रही आर्थिक विकास योजनाओं और खासकर मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना की तारीफ की। इस दौरान श्री सोरेन ने उन्हें झारखंड में निवेश की संभावनाओं से अवगत कराया।

*******************

राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा है कि राज्य सरकार की प्राथमिकता पहले से पारित योजनाओं को तय समयसीमा में पूरा करना है। वे धनबाद में पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं। उन्होंने बताया कि गांवों को आत्मनिर्भर बनाना सरकार की प्राथमिकता है।

*******************

राज्य के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने चान्हो प्रखंड स्थित नर्सिंग कौशल कॉलेज का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने कॉलेज की प्रबंधन समिति के साथ बैठक कर कॉलेज के संचालन, आधारभूत संरचना और भविष्य की योजनाओं को लेकर विचार–विमर्श किया। इस दौरान मंत्री ने कॉलेज परिसर की भौतिक स्थिति, कक्षा, प्रयोगशाला और छात्रावास सुविधाओं का निरीक्षण किया और छात्राओं से संवाद भी किया।

*******************

रांची के सिरमटोली फ्लाईओवर से कल 5वीं की एक छात्रा के अपहरणकांड का पुलिस ने केवल सात घंटे के अंदर खुलासा कर लिया है। इस सिलसिले में छह अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि 10 लाख रुपये की फिरौती के लिए बच्ची को अगवा कर लिया गया था। हालांकि पुलिस दबिश के कारण उसे रामगढ़ के कुज्जू में सड़क पर छोड़कर अपहरणकर्ता फरार हो गये थे।

*******************

आतंकवादी संगठन अल कायदा के टेरर मॉड्यूल की सरगना झारखंड के कोडरमा की शमा परवीन को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु से गिरफ्तार कर लिया गया है। महज 30 साल की शमा परवीन सोशल मीडिया साइट इंस्टाग्राम पर युवाओं को दहशतगर्द बनाने के लिए उनका ब्रेनवॉश करती थी।

*******************

मौसम विभाग ने आज राज्य के तीन जिलों में भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान तेज हवाएं चलेंगी। हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे रह सकती है। मौसम विभाग ने इन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। रांची स्थित मौसम केंद्र के प्रमुख अभिषेक आनंद ने बताया कि रांची से होते हुए एक मानसून ट्रफ बंगाल की खाड़ी की ओर बढ़ रहा है, जिसका असर देवघर, दुमका और जामताड़ा पर देखने को मिलेगा।

*******************

चंडीगढ़ में आयोजित 72वीं सीनियर नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता में उपविजेता रही झारखंड महिला टीम के रांची पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों का अभिनंदन किया। गौरतलब है कि 25 से 28 जुलाई तक आयोजित इस प्रतियोगिता में झारखंड की टीम शानदार प्रदर्शन किया। झारखंड की स्नेहा थापा को बेहतर प्रदर्शन पर महिला वर्ग में बेस्ट कैचर का पुरस्कार दिया गया।

*******************

**और अब अखबारों की सुर्खियां–**

- रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने छात्रा अपहरणकांड में पुलिस को मिली सफलता की खबर को प्रमुखता दी है।
- **दैनिक भास्कर की सुर्खी है**–ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ थोपा... जुर्माना भी।
- **हिन्दुस्तान ने लिखा है**–रांची विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति को कुलाधिपति ने हटाया।
- **प्रभात खबर ने झारखंड** हाईकोर्ट के हवाले से लिखा है– 15 वर्ष से अधिक सेवा करने वाला और नियमित वेतन पाने वाला पेंशन के योग्य।
- **दैनिक जागरण के शब्द हैं**– प्रतिद्वंद्वी को फंसाने के लिए प्रेमी–प्रेमिका ने मिलकर रची थी पेट्रोल हमले की साजिश।

******समाप्त********